# जिले में बेखौफ चल रहा हाईटेक सट्टा, पुलिस के लिए चुनौती

**सिवनी नवभारत। आईपीएल 2026 के साथ जिले में फैले सट्टेबाजी के 'डिजिटल जाल' पर नवभारत की लगातार पड़ताल में अब और गंभीर पहलू सामने आ रहे हैं। यह नेटवर्क न सिर्फ तकनीकी रूप से मजबूत होकर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता और जिले के सभी थानों के लिए चुनौती बन चुका है, बल्कि अब यह नवयुवकों, छात्रों और परिवारों के भविष्य पर भी सीधा खतरा बनता जा रहा है।**

### बड़े खुलासे के संकेत, 'नामी' चेहरे आ सकते हैं सामने

सूत्रों के अनुसार, यदि इस नेटवर्क का व्यापक खुलासा होता है तो जिले के कई प्रभावशाली और लंबे समय से सट्टेबाजी से जुड़े नाम उजागर हो सकते हैं। यह वे लोग हैं

**युवा पीढ़ी पर मंडराया खतरा कई प्रभावशील लोग सक्रिय**

जो पर्दे के पीछे रहकर पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहे हैं। इसका कारण सूचना लीक से नाकाम हो रही कार्रवाई चर्चा है कि पुलिस की हर गतिविधि की भनक सटोरियों तक पहले ही पहुंच जाती है। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मुखबिर तंत्र के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है, जिसके चलते रेड से पहले ही ठिकाने खाली कर दिए जाते हैं या डिजिटल सबूत मिटा दिए जाते हैं। ताकि सूचना तंत्र का नाम सामने नाथ और पुलिस को गुमराह करने के लिए हर तरह की अपने का काम देखने और सुनने को मिल रहा है जो जिले की युवा पीने के लिए भविष्य के खिलवाड़ दिखाई दे रहा है

फार्म हाउस में 'वॉर रूम', पुलिस से एक कदम आगे


आईपीएल के साथ फैला हाईटेक सट्टेबाजी का जाल

सिवनी नवभारत। आईपीएल 2026 के शुरू होते ही जिले में जहां क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर है, वहीं दूसरी ओर अवैध सट्टेबाजी का कारोबार एक बार फिर तेजी से सक्रिय हो गया है। हैरानी की बात यह है कि पिछले वर्ष सिवनी पुलिस द्वारा सट्टेबाजों के खिलाफ की गई बड़ी और चर्चित कार्रवाई के बावजूद इस साल सटोरियों ने और अधिक संगठित व हाईटेक तरीके से वापसी कर ली है।

पिछले साल की बड़ी पुलिस कार्रवाई के बावजूद फिर सक्रिय हुआ नेटवर्क

प्रशासन के लिए प्रमुख सुझाव

पूर्व में पकड़े गए सट्टेबाजों और उनके नेटवर्क की पुन: निगरानी

शहर से दूर फार्म हाउस और रिसॉर्ट अब सट्टेबाजी के हाईटेक अड्डे बन चुके हैं। यहां सीमित लोगों की एंट्री, हाई-स्पीड इंटरनेट और निगरानी के बीच पूरा नेटवर्क संचालित हो रहा है, जिससे थाना स्तर की पुलिस की पहुंच कठिन हो गई है। वही युवाओं को बना रहे निशाना, भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है सबसे और चिंताजनक बात यह है कि सटोरियों का नेटवर्क अब सुनियोजित तरीके से

### डिजिटल तकनीक से बना 'अभेद्य किला' विदेशी वर्चुअल नंबरों से संपर्क

एन्क्रिप्टेड ऐप्स पर बातचीत, क्लाउड आधारित सट्टा सॉफ्टवेयर, फर्जी केवाईसी से डिजिटल लेन-देन सहित इन तकनीकों के कारण यह नेटवर्क लगातार पुलिस से एक कदम आगे बना हुआ है। रनर नेटवर्क' से गांव-गांव तक विस्तार के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को 'रनर' बनाकर नेटवर्क को जमीनी स्तर पर मजबूत किया गया है, जिससे सट्टेबाजी का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन में कार्रवाई जरूर जारी है, लेकिन अब चुनौती केवल सटोरियों तक सीमित नहीं रही।

दूसरी ओर युवाओं को इस जाल से बचाना सख्त और समन्वित कार्रवाई जरूरी विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह नेटवर्क आने वाली पीढ़ी के भविष्य को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। अब चुनौती के साथ-साथ जिले के नौजवान युवक का भविष्य को देखते हुए क्या

सिवनी में सट्टेबाजी का यह 'हाईटेक' रूप अब केवल एक अवैध कारोबार नहीं, बल्कि सामाजिक संकट बनता जा रहा है। अब देखना होगा कि पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता और जिले के सभी थाने इस चुनौती से कैसे निपटते हैं और क्या इस 'डिजिटल सट्टा साम्राज्य' पर समय रहते निर्णायक प्रहार हो पाता है।

**नवयुवकों और छात्र जद में**

पहले अमीर और संपन्न परिवारों के बच्चों को आसान कमाई का लालच देकर जोड़ा जाता है छोटे दांव से शुरुआत कर धीरे-धीरे बड़ी रकम के खेल में धकेला जाता है हार के बाद कर्ज और दबाव का चक्र शुरू हो जाता है इस पूरी प्रक्रिया में कई युवा अपनी पढ़ाई, करियर और पारिवारिक संतुलन खो देते हैं। परिवारों के लिए यह न सिर्फ आर्थिक बल्कि सामाजिक संकट भी बन रहा है।

# लहुलुहान हालत में महिला का शव जंगल में मिला, पुलिस जांच में जुटी

**मौके पर एफएसएल की टीम कर रही मुआयना**

**छपारा नवभारत।** नगर से 10 किलोमीटर दूर छपारा पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम मुंडरई में विगत 31 मार्च को दोपहर लगभग 3 बजे अपने घर से गांव से लगे जंगल में महुआ के पेड़ों को बंदरों के नुकसान से बचाने कहकर घर निकली महिला श्रीमती लल्ली बाई झारिया पति किरोड़ी झारिया 56 वर्ष ग्राम मुंडरई निवासी जब शाम को अंधेरा होने पर घर नहीं पहुंची तो परिजनों और ग्रामीणों ने ढूंढना शुरू किया जिसका खून से लथपथ शव रात्रि लगभग 10 बजे मुंडरई गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर जंगल में मिला और घटना की सूचना रात्रि में छपारा पुलिस को सूचना दी गई जिसपर मौके पर पहुंच छपारा थाना प्रभारी खेंमेंद्र कुमार जैतवार ने मौके पर पहुंच अपनी जांच शुरू दी वहीं दूसरे दिन



1 अप्रैल को सुबह एफ एस एल टीम द्वारा भी मौके पर पहुंच कर अपनी सूक्ष्म जांच शुरू कर दी गई है। दरअसल वर्तमान में क्षेत्र में महुआ बीनने का कार्य ग्रामीणों द्वारा हो रहा है जो सुबह सुबह पेड़ों से टपकते हैं और उन्हें बीनकर ग्रामीणों का अतिरिक्त आय का स्रोत होता है। विकास खंड के दुरस्थ ग्राम में हुई इस घटनाक्रम ने झंकझोर कर रख दिया वहीं पुलिस द्वारा हर एंगल को लेकर सूक्ष्म जांच की जा रही है।

## एक नजर में

### अनाया खान ने एलकेजी में लिए 95 प्रतिशत



सिवनी। भगतसिंह वार्ड स्थित टीजे एलेमेंट्री स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। एलकेजी में अध्ययनरत अनाया खान ने 95 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अनाया खान पत्रकारिता से जुड़े शाहिद-हुमैरा खान की सुपुत्री है। छात्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित परिचितों ने बधाई प्रेषित उज्जवल भविष्य की कामना की है। अनाया ने कुल 650 में से 616 अंक प्राप्त कर ए ग्रेड प्राप्त किया है।



### आयरा खान यूकेजी में प्रथम

सिवनी। स्थानीय टीजे एलेमेंट्री स्कूल में अध्ययनरत यूकेजी की छात्रा आयरा खान ने 91 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आयरा आसिफ-सोफिया खान की सुपुत्री है। छात्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित परिचितों ने बधाई प्रेषित उज्जवल भविष्य की कामना की है। आयरा ने कुल 650 में से 589 अंक प्राप्त कर ए ग्रेड प्राप्त किया है।

### सांदीपनी विद्यालय सुकतरा में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम




सिवनी। संदीपनी विद्यालय सूकतरा में जनपद अध्यक्ष जनपद कुरई लोचन सिंह मर्सकोले,जनपद उपाध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया , पूर्व उपाध्यक्ष देवेंद्र राहंगडाले शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र बिसेन गरिमामय उपस्थिति एवम् प्राचार्य संजय श्रीवास्त्री की अध्यक्षता में छात्र छात्राओं का शासन के निर्देशानुसार विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया ।भव्य रूप से विद्यालय को सजाकर सभी अतिथियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं का तिलक से स्वागत किया एवं नई शुरुआत के लिए कलम भेट की ।प्रथम शाला प्रवेशित छात्रा छात्राओं के हाथों के निशान लिए गए , पुस्तक वितरण किया गया सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा मार्गदर्शन किया गया मिष्ठान वितरण किया गया सभी शिक्षक परिवार ने कार्यक्रम में अपनी पूर्ण भागीदारी दी कार्यक्रम का संचालन श्रीमति अनामिका बघेल मैडम द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन विनायक राव डोंगरे द्वारा किया गया।

### आज शुक्रवारी में होगा विशाल भंडारा

सिवनी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शुक्रवारी बाजार गांधी चौक सिवनी में हनुमान जयंती के पावन पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है ।कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार हेतु गत दिवस बैठक रखी गई थी इस बैठक में तय किया गया की दिनांक 2 अप्रेल दिन गुरुवार को श्री हनुमान जयंती के अवसर पर हवन पूजन एवं विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा जिसके लिये आयोजन समिति का गठन किया गया है। संचालक समिति के संरकछ मण्डल में श्री अशोक आहुजा दैनिक सुदूर सन्देश ऋषब शर्मा, राजा बघेल, संतोष नानू पंजवानी, सुजीत नाहटा, सुरेंद्र करोसिया एवं समिति के अध्यक्ष प्रवेश बाबू भालोटिया सचिव मोहित बल्लू ब्यौहार एवं महासचिव शैलू चंद्रवंशी को बनाया गया है इसी तरह सहयोही सदस्यों में रंजीत यादव नितिन मिश्रा रत्नेश चौकसे नीरज जैन आदित्य मोंटू भूरा शिव सनौड़िया राजेंद्र मरकाम मधु क्रिडिया अरविन्द तिवारी अखिलेश यादव राजू यादव पिंटू चौरसिया जय श्रीवास्तव प्रणम चौरसिया सोनू नामदेव छुटका चौरसिया गोलू यादव संदीप यादव अंचल चौरसिया रितेश जैन ऋषभ ठाकुर आशु कौशल हनी मेहरा निकुंज भांगरे रत्नेश यादव राकेश पाठक प्रियंक चीकू अग्रवाल हितेंद्र साहू अभिषेक पवार सेखु सागर मरकाम अंकित साहू मनोज प्रजापति, सचिव मोहित बल्लू ब्यौहार ने सभी भक्तो से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## सांदीपनी विद्यालय डूंडासिवनी में प्रवेशोत्सव

**सिवनी नवभारत।** संदीपनी विद्यालय डूंडा, सिवनी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु गरिमामय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पहार के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकों एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि संदीपनी विद्यालय सीमित संसाधनों और भवन की चुनौतियों के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। विद्यालय के विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक गतिविधियों में बल्कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। कम समय और संसाधनों में भी छात्रों




की उपलब्धियां विद्यालय की गुणवत्ता को दर्शाती हैं। वर्तमान में विद्यालय में केजी-1 से 12वीं तक लगभग 735 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इतने बड़े स्तर पर शिक्षा प्रदान करते हुए भी विद्यालय अनुशासन, शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है।

## विधायक कमल मर्सकोले ने प्रतिनिधियों की संस्थानों में की नियुक्ति

**बरघाट नवभारत।** बरघाट विधानसभा क्षेत्र विधायक कमल मर्सकोले जी द्वारा बरघाट मंडल एवं धारना मंडल के अनेक संस्थाओं में अपने प्रतिनिधियों की नियुक्ति की घोषणा की गई।

उक्तशय की जानकारी देते हुए नगर परिषद बरघाट के विधायक प्रतिनिधि सुजीत सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि विधायक कमल मर्सकोले के द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरघाट में सत्यांश भट्ट बरघाट को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है, इसी तरह शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट- भवानी प्रसाद बरमैया, ग्राम-लोहारा, सहकारी प्रक्रिया विपणन समिति मर्यादित बरघाट में दामोदर तुरकर बरघाट, शासकीय पी.एम श्री हाई स्कूल-बम्होड़ी विनीत नेवारे, ग्राम-पिंडरई खुर्द, शासकीय उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय- बोरी कलां डॉ. रविन्द्र राहंगडाले, ग्राम-खुर्सीपार कलां, शासकीय हाई स्कूल-पौनिया धनेन्द्र राहंगडाले, ग्राम-पौनिया, शासकीय हाई स्कूल -बम्हनी, राजकुमार कांवरे ग्राम-बम्हनी, शासकीय हाई स्कूल-साल्हे कलां, जितेंद्र कटरे ग्राम-निवारी, शासकीय हाई स्कूल-जेवनारा डॉ.राजेश राहंगडाले ग्राम-जेवनारा, शासकीय हाईस्कूल- कांचना संतकुमार भोयर, ग्राम कांचना एवं शासकीय हाई स्कूल-टिकारी में विनोद चौरसिया ग्राम-टिकारी को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया।

साथ ही धारना मंडल में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-धारना कलां बिहारी सिंह ठाकुर ग्राम-केकडई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-विजयपानी कलां रामकुमार उईके, ग्राम-विजयपानी कलां, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-मऊ दुर्गाप्रसाद राहंगडाले, ग्राम-मऊ, शासकीय हाई स्कूल-धोबीसर्रा, राजकुमार उके जी ग्राम-टेटमा, शासकीय हाई स्कूल-अतरी शत्रुघ्न साहू, ग्राम-अतरी एवं

शासकीय हाई स्कूल-बेहरई में डॉ. राजेंद्र कटरे को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। कमल मर्सकोले ने सभी प्रतिनिधियों से कहा कि मुझे विश्वास है कि आप अपने दायित्व का निष्ठा और सेवा भाव के साथ निर्वहन करते हुए स्थानीय विकास एवं जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। सुजीत सिंह सूर्यवंशी ने इन नियुक्तियों पर माननीय विधायक महोदय जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए सभी नवनियुक्त विधायक प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### श्री कपीश्वर हनुमान कल्याण समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन आज

सिवनी। नगर के बारापत्थर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित श्री कपीश्वर हनुमान मंदिर में आगामी 02 अप्रैल (गुरुवार) को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। श्री कपीश्वर हनुमान कल्याण समिति, बारापत्थर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सिवनी (म.प्र.) द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 05:30 बजे हनुमान जी के अभिषेक से होगी। इसके पश्चात 07:00 बजे श्रृंगार आरती एवं 08:00 बजे हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सुंदरकांड की चौपाइयों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। दोपहर 12:00 बजे भोग आरती अर्पित की जाएगी। इसके बाद दोपहर 03:00 बजे महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ किया जाएगा, जो शाम 06:30 बजे महाआरती के साथ भक्तिमय वातावरण अपने चरम पर पहुंचेगा। तत्पश्चात 07:00 बजे से महाप्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारा प्रारंभ किया जाएगा।

## महावीर जयंती पर लखनादौन में निकाली गई ऐतिहासिक शोभायात्रा

**लखनादौन नवभारत।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महामहोत्सव मनाया भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा का उपदेश दिया जियो और जीने दो का उपदेश दिया सकल दिगंबर जैन समाज लखनादौन के द्वारा वर्तमान शासन नायक देवाधिदेव श्री 1008 महावीर स्वामी भगवान जी का जन्म कल्याणक महा महोत्सव बड़े ही भक्ति भाव से मनाया सर्वप्रथम श्री सुबह दिगंबर जैन सुपार्श्वनाथ जिनालय (बड़े जैन मन्दिर) लखनादौन में वर्तमान शासन नायक देवाधिदेव श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी जी की चतुर्थ काली भूगर्भ से प्राप्त प्रतिमा जी का महामास्त का अभिषेक हुआ , एवं सभी जिन मंदिरों में भगवान महावीर स्वामी का महा मस्तक अभिषेक संपन्न हुआ जिसमें पटेल जैन मंदिर, पारस जैन मंदिर, महावीर बड़े जैन मंदिर ,,चंदा प्रभु बाजार चौक जैन मंदिर ,,एवं समनापुर जैन मंदिर में भगवान महावीर का अभिषेक



संपन्न हुआ। दोपहर में शासकीय सिविल अस्पताल लखनादौन में सकल दिगंबर जैन समाज लखनादौन द्वारा फल वितरण किया गया ।दोपहर में ढोल नगाड़े बाजे के साथ जुलूस निकाला गया नगर के प्रमुख मार्ग में श्रीजी की भव्य शोभा यात्रा चांदी के रथ पर निकाली गई, सर्वप्रथम श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से पालकी में श्रीजी की प्रतिमा जी को विराजमान कर के निकाली गई, रजत रथ में श्री दिगंबर जैन चंद्र प्रभु जिनालय से श्रीजी को रथ में विराजमान कर निकाल गया,

श्री दिगंबर जैन पारसनाथ जिनालय से श्रीजी को विमान जी में निकाला गया जुलूस में आचार्य ज्ञान सागर पाठशाला के बच्चों के द्वारा एवं नवयुवक महासभा /महिला मंडल के द्वारा झांकियां निकाली गई सभी लोगों ने श्रीजी की आरती उतार कर के श्रीफल अर्घ अर्पित किया इसके बाद जुलूस बाजार प्रांगण में श्रीजी की भव्य मंगल आगवानी हुई

महिला वर्ग पीले वस्त्र में ,युवा वर्ग धोती दुपट्टे में ,और समाज के सभी वर्ग के लोगों ने सफेद कुर्ता पजामा में रहे ,

सर्वप्रथम बाल ब्रह्मचारिणी अर्चना दीदी कविता दीदी रोशनी दीदी चांदनी दीदी ने दीप प्रज्वलित किया,

इसके पश्चात श्रीजी का महामस्त का अभिषेक किया प्रथम कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य श्री सुनील जैन जी सिद्धार्थ जैन ने प्राप्त किया द्वितीय सौभाग्य श्री दीपक जैन जी (पारस टेन्ट हाऊस) ने प्राप्त किया तृतीय कलश सौभाग्य श्री सुभाष जैन सचिन जैन ने प्राप्त किया चतुर्थ सौभाग्य श्री पीयूष जैन जी (पीयूष मार्केटिंग) श्री रिंकू जैन ने प्राप्त किया प्रथम शांतिधारा का सौभाग्य अरविंद जैन जी अंकित जैन विमर्श ने प्राप्त किया द्वितीय शांतिधारा राजेश जैन पटेल सामंत पटेल शक्ति पटेल ने प्राप्त किया तृतीय शांति श्री दीपक जैन यश जैन आर्यन जैन ने प्राप्त किया इसके बाद रात्रि मे नवयुवक महासभा के द्वारा महा आरती प्रारंभ हुई प्रथम महा आरती का सौभाग्य सिंघई श्री राजकुमार जी जैन शशि जैन श्री धन्य कुमार जी जैन श्री अभय कुमार जी जैन ने प्राप्त किया द्वितीय महाआरती का सौभाग्य सिंघई श्री इन्दरचंद जी जैन दीपक जैन विजय जैन बल्ली ने प्राप्त किया महा आरती करने के बाद भगवान महावीर का पालना झुलाया गया आचार्य ज्ञान सागर पाठशाला के बच्चों के द्वारा भगवान के पांच कल्याणक दिखाए गए पाठशाला के छोटे-छोटे बच्चों ने बड़े ही भक्ति भाव से प्रभु की भक्ति की नृत्य किया नाटक किया व सुंदर-सुंदर प्रस्तुति दी सभी ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया बहुत प्रोत्साहन किया , महावीर जयंती पर सभी जैन प्रतिष्ठान बंद रहे,,

इस कार्यक्रम में सकल दिगंबर जैन समाज पंचायत सभा के अध्यक्ष श्री विजय जैन बल्ली ,मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष श्री पंकज जैन छोटू, उपाध्यक्ष श्री सुनील जैन पंडित जी नितेश जैन रविंद्र जैन गोलू ,वेदांत जैन ,अभिषेक जैन लकी ,अभिषेक जैन बिट्टू ,नमन जैन पंडित जी ,नितेश गुड्डू , एवं नवयुवक महासभा, महिला मंडल, बालिका मंडल ,एवं सकल दिगंबर जैन समाज लखनादौन एवं संपूर्ण नगर इस कार्यक्रम का साक्षी बना।

**आयोजन** | अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर बढ़ाया उत्साह, जिले में बढ़ा क्रिकेट का रोमांच

# बीसीसी के तत्वावधान में अंडर-19 टूर्नामेंट का आगाज, युवाओं को मिला मंच

**सिवनी नवभारत।** (बैनगंगा क्रिकेट क्लब) के तत्वाधान में आयोजित प्रथम अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट अब जिले में चर्चा का विषय बनता जा रहा है। लगातार रोमांचक मुकाबलों और उभरती प्रतिभाओं के दम पर यह प्रतियोगिता क्रिकेट प्रेमियों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बन गई है।

आज खेले गए मुकाबलों में SEONI YELLOW एवं मंडला टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की, लेकिन सबसे बड़ी बात यह रही कि दोनों मैचों में युवा खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से भविष्य की बड़ी संभावनाओं के संकेत दिए।

सुबह खेले गए पहले मैच में मुख्य अतिथि के रूप में आयोजन समिति के संरक्षक राजा भाई, अखिलेश खेडीकर, लीडर बैटरी मुकेश चंदेल, पवन नामदेव, अध्यक्ष अजय मिश्रा, सचिव अब्दुल काबिज़, संयोजक कलाम खान, सहसचिव रिजवान खान, स्पीड क्रिकेट अकैडमी के संचालक मनीष चौरसिया एवं वरिष्ठ खिलाड़ी शीत तिवारी संदीप कुमार उइके उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा जताई।

पहले मुकाबले में SEONI YELLOW ने लखनादौन को 66 रनों से हराया, जिसमें आराफ कुरेशी (57 रन) की विस्फोटक पारी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पहले मुकाबले में SEONI YELLOW ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लखनादौन को 66 रनों से पराजित किया। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 205/7 रन बनाए, जिसमें आराफ कुरेशी (57 रन) की आक्रामक पारी निर्णायक रही। जवाब में लखनादौन की टीम 139/8 रन ही बना सकी। गेंदबाजी में अक्षय मिश्रा एवं देव तोमर ने 2-2 विकेट लिए।

### प्लेयर ऑफ द मैच बने आराफ कुरेशी

दूसरे मुकाबले में मंडला ने बालाघाट को 7 विकेट से पराजित किया। इस मैच में अमोल की सधी



हुई गेंदबाजी (3 विकेट) ने विरोधी टीम को संभलने का मौका ही नहीं दिया। दूसरे मुकाबले में मंडला ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए बालाघाट को 7 विकेट से हराया। बालाघाट की टीम मात्र 54 रन पर सिमट गई। मंडला की ओर से अमोल ने 3 विकेट लेकर शानदार गेंदबाजी की। इसके बाद मंडला ने 59/3 रन (7.1 ओवर) बनाकर आसान जीत दर्ज की।

दूसरे मैच में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी शोएब राजा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष तनवीर अहमद, सज्जू भाई (सरपंच), वरिष्ठ खिलाड़ी आसिम खान एवं मिशन क्रिकेट अकैडमी के संचालक शुभम तिवारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से जिले की प्रतिभाओं को नई दिशा और मंच मिलता है।

### रोमांच और संभावनाओं का संकेत

एक ओर जहां आराफ कुरेशी की बल्लेबाजी ने बड़ा स्कोर खड़ा किया, वहीं दूसरी ओर अमोल की गेंदबाजी ने मैच को एकतरफा बना दिया। यही संतुलन इस टूर्नामेंट को खास बना रहा है — हर मैच में एक नया स्टार उभर रहा है।

इस सफल आयोजन के लिए क्ष्ष्ट (बैनगंगा क्रिकेट क्लब) एवं आयोजन समिति बधाई की पात्र है। जिस तरह से युवा खिलाड़ियों को मंच प्रदान किया जा रहा है, वह जिले के क्रिकेट भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत है। आज के दोनों मैचों में निर्णायक की भूमिका में अंपायर सद्दाम खान अमित सिसोदिया बंटी बिसेन शुभम बघेल ने जिम्मेदारी निभाई लाइव स्कोर और लाइव टेलीकास्ट गौतम डिजिटल के माध्यम से किया गया

### कल लखनादौन व मंडला का मैच

आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय मिश्रा ने सभी क्रिकेट खेल प्रेमियों से पॉलिटेक्निक ग्राउंड पहुंचने की अपील की है। अब देखने वाली बात यह होगी कि आने वाले मुकाबलों में कौन-सा खिलाड़ी अगला सितारा बनकर उभरता है और कौन-सी टीम खिताब की मजबूत दावेदार बनती है।

## रुद्रावतार हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

**भक्ति, आस्था और उल्लास का केन्द्र बना रुद्रावतार हनुमान मंदिर अभिषेक, हवन, भंडारा व भजन संध्या के साथ दिनभर होंगे आयोजन**

**सिवनी नवभारत।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर 2 अप्रैल 2026, गुरुवार को जिला अस्पताल के सामने सर्किट हाउस चौक सिवनी स्थित रुद्रावतार हनुमान मंदिर में भव्य और दिव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा दिनभर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है ।कार्यक्रम की शुरुआत 2 अप्रैल प्रात: 6 बजे से होगी, जिसमें सर्वप्रथम हनुमान जी महाराज का विद्वान पुरोहितों एवं मन्दिर के पुजारी अर्जुन पण्डा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत अभिषेक पूजन किया जाएगा। तत्पश्चात हनुमान जी महाराज का आकर्षक चोला श्रृंगार कर भव्य आरती संपन्न की जाएगी ।दोपहर 1 बजे से हवन का आयोजन प्रारंभ होगा, जो लगभग 3 से 4 बजे तक चलेगा। हवन के दौरान विधि-विधान से पूजा-अनुष्ठान किए



जाएंगे, जिसके पश्चात हनुमान जी महाराज की 108 दीपो से महाआरती की जाएगी। इस महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे ।शाम 5 बजे मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा गाजे-बाजे के साथ बालरूप हनुमान मंदिर, शुक्रवारी चौक सिवनी पहुंचकर महाप्रसाद का भोग लगाया जाएगा। यह आयोजन पूरे शहर में आकर्षण का केंद्र रहेगा और भक्तिभाव से सजी यह प्रस्तुति श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करेगी ।इसके बाद शाम 6 बजे से कन्या भोजन का आयोजन किया जाएगा। कन्या पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है, जिसमें हजारों लोगों को महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा भंडारे के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो ।रात्रि 9 बजे से भजन संध्या का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा हनुमान जी के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी। भक्ति संगीत की इस संध्या में पूरा मन्दिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो जाएगा ।मंदिर के मुख्य पुजारी अर्जुन पण्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार हनुमान जन्मोत्सव को विशेष बनाने के लिए अभिषेक और लाइव दर्शन का सीधा प्रसारण यूट्यूब और फेसबुक के माध्यम से किया जाएगा। इससे वे श्रद्धालु भी इस पावन आयोजन का लाभ ले सकेंगे, जो किसी कारणवश मंदिर नहीं पहुंच पाएंगे। रुद्रावतार हनुमान मंदिर सिवनी सर्च कर श्रद्धालु आसानी से लाइव प्रसारण देख सकेंगे ।मंदिर समिति द्वारा आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की आवाजाही, प्रसाद वितरण और पार्किंग व्यवस्था को लेकर विशेष ध्यान दिया गया है।